卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 35 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦11 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in





## ब्रह्माकुमारी आश्रम में दो बहनों ने दी जान

### सुसाईड नोट में चार लोगों को जिम्मेवार ठहराया

आगरा (उद ब्यूरो)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम में रहने वाली दो सगी बहनों ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना आगरा के जगनेर की है। आत्महत्या से पहले दोनों बहनों ने तीन पेज का सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें उन्होंने आत्महत्या के लिए संस्था के 4 लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। दोनों बहनों ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से आरोपियों को आसाराम की तरह उम्रकैद की सजा दिलाने के लिए कहा है। मृतक बहनों ने सुसाइड नोट में चारों आरोपियों पर पैसे हड़पने के साथ-साथ अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप भी लगाए हैं। मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक एकता और शिखा ने 8 साल पहले (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में दो युवकों की मौत, तीन गंभीर

### गदरपुर में बाईपास मार्ग पर भिड़े तीन वाहन, ट्रैफिक वन वे होने के कारण हुआ दर्दनाक हादसा

रूद्रपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर के पास बाईपास मार्ग पर तीन वाहनों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गयी। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गया। एक घायल को जिला अस्पताल से हल्द्वानी रैफर किया गया है। जबकि दो को निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत चिंता जनक बताई जा रही है। दर्दनाक हादसा शनिवार सुबह करीब नौ बजे हुआ। प्राप्त जानकारी के (शेष पृष्ठ सात पर)








## उत्तराखण्ड की बेटियों ने विदेश में जीते पदक

### भाजपा नेता चुघ ने दिल्ली एरोड्रम पर खिलाड़ियों का किया जोरदार स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ की प्रतिभावान सुपुत्री देहरादून की वैटेज हॉल की छात्रा नव्या चुघ ने अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड स्कॉलर कप में कॉलेज की अन्य छात्राओं के साथ प्रतिभाग कर चार स्वर्ण पदक तथा चार रजत पदक प्राप्त कर देश एवं परिवार के साथ क्षेत्र का नाम रौशन किया है। प्रतियोगिता में भाग (शेष पृष्ठ सात पर)



## देह व्यापार में विदेशी महिला समेत चार महिलाएं पकड़ीं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने डहरिया के एक मकान में औचक दबिश देकर किराए के कमरे में संचालित किए जा रहे देह व्यापार का पर्दाफाश किया। टीम ने मौके से एक विदेशी महिला समेत चार महिलाओं को हिरासत में लिया। वहीं महिला सरगना को एक ग्राहक के साथ आपत्तिजनक वस्तुओं समेत गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (शेष पृष्ठ सात पर)












# वाहन चोरों ने उड़ाई तीन मोटर साईकिलें

रूद्रपुर (उद सवांददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से तीन मोटर साईकिलें चोरी कर लीं। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में ने सेवा मे प्रदीप कुमार दास पुत्र जवाहर लाल दास निवासी सी ब्लॉक वार्ड 3 ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 17 अगस्त को रात्रि उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एएन 9278 को घर के सामने खड़ा कर लॉक लगा दिया था। कुछ देर बाद वह घर के बाहर आया तो उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नही थी जो कि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी थी। वहीं एक अन्य मामले में पंकज गंगवार पुत्र धर्मपाल हाल निवासी भदईपुरा मूल निवासी ग्राम मवईजरेल थाना शीशगढ़ बरेली ने कहा है कि वह एक कम्पनी में कार्य करता है। 9 नवम्बर को दोपहर उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 एपी 6216 पर सवार होकर कोरियर बाटने के लिये मेट्रोपोलिस मॉल गया था। मोटर साईकिल मेट्रोपोलिस मॉल के पीछे खड़ी करके लॉक लगा दी और पार्सल बाटने के लिये चला गया। वापस लौटने पर देखा उसकी मेरी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी । जोकि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी है। प्रदीप दास का कहना है कि उक्त मोटर साईकिल उसके तहेरे बड़े भाई मोरपाल पुत्र बांधू राम निवासी ग्राम मवईजरेल थाना शीशगढ़ बरेली के नाम पर पंजीकृत है। इधर राजेन्द्र सिंह यादव पुत्र जय सिंह हाल निवासी वार्ड 14, भदईपुरा ने कहा है कि वह अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 25 डी डब्ल्यू से 30 अक्टूबर को शाम भदईपुरा में राशन का सामान लेने गया था। अपनी मोटरसाईकिल बाहर खड़ी कर दुकान में सामान लेने गया जब सामान लेने के पश्चात दुकान से बाहर आया तो उक्त मोटरसाइकिल वहां नही मिली काफी खोजबीन व आसपास के लोगों से पूछताछ की परन्तु उसका कोई पता नही चल पाया है। पुलिस ने तीनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ब्लूमिंग डेल्स स्कूल में धूमधाम से मनाया दीपावली का पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विद्यालय में दिवाली पर्व के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे दीप सज्जा प्रत्योगिता, कला प्रत्योगिता व रंगोली प्रत्योगिता कराई गयी। जिसमें छात्र व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। प्रत्योगिता में जूनियर वर्ग कक्षा एक से 5 व सीनियर वर्ग में कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने अति सुंदर दीप सज्जा व कला बनाई। सीनियर वर्ग की बालिकाओ ने अति सुंदर व मनमोहक रंगोली प्रदर्शित की जिससे सभी मंत्रमुग्ध हो गए। जूनियर वर्ग की बालक-बालिकाओं ने भी रंगोली प्रत्योगिता में प्रतिभाग किया व अति सुंदर रंगोली प्रदर्शित की। रंगोली प्रत्योगिता का आयोजन बच्चो के हाउस के अनुसार किया गया जिसमे ग्रीन हाउस , येलो हाउस, ब्लू हाउस , व रेड हाउस के बच्चों ने प्रतिभाग किया। ग्रीन हाउस के कप्तान अनिल कुमार , येलो हाउस की कप्तान सोनी गुप्ता , ब्लू हाउस की कप्तान अर्चना पंत व रेड हाउस की कप्तान अंजु गुप्ता ने रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस प्रत्योगिता में ग्रीन हाउस व रेड हाउस ने प्रथम स्थान व येलो हाउस व ब्लू हाउस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विजय गिरधर, मैनेजर श्रीमती नीलम धंजू , प्रधानाचार्य पंकज लोहानी , उप प्रधानाचार्य श्रीमती मृदुला गिरधर , श्रीमती जसविंदर कौर, श्रीमती गीता आनंद व अन्य सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने छात्र - छात्राओं को दीपावली की सुभकामनाये दी।






# गुरुद्वारा साहिब की नवीन इमारत का किया शुभारंभ

गदरपुर( उद संवाददाता)। गुरुद्वारा साहिब ग्राम बलखेड़ा नहर तहसील गदरपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड की नवीन इमारत का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग ,गुरबाणी शब्द कीर्तन एवं सर्वत्र सुख-समृद्धि की कामना की अरदास के साथ किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ रागी भाई कुलदीप सिंह द्वारा मनोहर कीर्तन करके किया गया वहीं उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह और सिख मिशनरी कालेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरबाणी की खोज पूर्ण कथा करके संगत को इतिहास एवं सिख धर्म संबंधी जानकारियां प्रदान की गई उन्होंने सभी संगत को प्रतिदिन प्रात: एवं सायं काल गुरु घर की सेवा के लिए समय निकालकर अवश्य पहुंचने की अपील की ,साथ ही उन्होंने सभी संगत को गुरमुखी भाषा का ज्ञान एवं गुरबाणी सीखने का आह्वान किया । कार्यक्रम में पहुंचे विधायक अरविंद पांडे द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब और संगत का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि उनको सत्कार योग्य संगत द्वारा जो भी सेवा कार्य निर्देशित किया जाता है उसका वे तन मन से निर्वाह करते हैं उन्होंने सभी संगत को गुरुद्वारा साहिब के नवीन भवन की शुभकामनाएं देते हुए सभी संगत की उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी संगत को अपने धर्म पर अडिग रह कर धर्म विरोधी शक्तियों से अपने धर्म को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। गुरुद्वारा कमेटी पदाधि कारियों द्वारा विधायक अरविंद पांडे का गुरुद्वारा भवन निर्माण में सहयोग किया जाने पर आभार जताते हुए सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दर्शन सिंह ग्रंथी, कश्मीर चंद, गुरचरण सिंह, लाभ सिंह, रेशम सिंह, शमशेर सिंह, जागीर सिंह, जसवीर सिंह दविंदर सिंह, जसवंत सिंह, नरेंद्र सिंह, इंदर सिंह सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।



# सद्भावना का संदेश देता है दीपावली का पर्व: सुखीजा

गदरपुर(उद संवाददाता)। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज के अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की है। सुख, समृद्धि और संपन्नता के प्रतीक दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये कहा कि माँ लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश जी के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख समृद्धि, शांति एवं आरोग्य का संचार हो। गुंजन सुखीजा ने कहा कि दीपावली का यह पर्व एक साधारण पर्व नहीं, इसमें हमें एक संपूर्ण राष्ट्र के गौरव तथा गौरवशाली अतीत के दर्शन होते हैं। प्रकाश का यह पर्व हम सब के जीवन में धन, वैभव, यश, एश्वर्य और



सम्पन्नता लेकर आये ऐसी कामना करते हुए उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व मर्यादा, सत्य एवं सद्भावना का भी संदेश देता है। दीपों का यह त्योहार भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात वापस अयोध्या आने से भी जुड़ा है। दीपावली का पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दीपावली का यह पर्व हम सबके जीवन को प्रकाशमय करे इसकी भी उन्होंने कामना की है।

# युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने एक युवक की पीटकर उसकी हत्या कर देने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली में दी गई तहरीर में शाहजहांपुर उत्तरप्रदेश निवासी सूरज ने बताया था कि उसके भाई मुकेश कुमार की पीटकर हत्या की गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को



काशीपुर फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर लिया। मृतक मुकेश कुमार यहां एक प्लाईवुड फैक्ट्री में आरोपी मोतीलाल के साथ काम करता था। किसी बात को लेकर मोतीलाल और मुकेश की आपस में कहा सुनी हो गई थी। जिसमें मोतीलाल ने मुकेश के सिर पर वार कर उसे गंभीर रूपसे घायल कर दिया था। उपचार के दौरान मुकेश कुमार की मौत हो गई थी। पुलिस ने मोतीलाल को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

# लापता महिला को रामपुर से किया बरामद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई महिला को पुलिस ने रामपुर से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से सदरघाट माल्टा जिला माल्टा पश्चिम बंगाल निवासी लक्ष्मी चौधरी पुत्री पुत्री राजकुमार चौधरी रूद्रपुर में अपने पति सुबुर्तो सील के साथ रह रही थी। एक



माह पूर्व वह रहस्यमय ढंग से गायब हो गयी। पति ने कई जगह उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जिस पर उसने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की। बीते दिवस एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी ने पुलिस टीम के साथ रामपुर पहुंचकर लक्ष्मी को भुर्जी वाले बढ़िया रामपुर से बरामद कर लिया। रामपुर से यहां लेकर आई पुलिस ने लक्ष्मी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं




गुरू माँ
GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338 , Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007 Pilikothi +91-8923468434 Pilikothi +91-9690256666 HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146 GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999 KICHHA- Kichha +91-7017595920 LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

# रंगोली प्रतियोगिता में रश्मि प्रथम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरूनानक बालिका इंटर कालेज प्राईमरी विभाग में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा से रूबरू कराया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति अग्रवाल के दिशा निर्देशन में एवं वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती मनमतीत कौर



की देख रेख में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने सुंदर रंगोली सजाकर त्यौहारों के आगमन का संदेश दिया। कक्षा पांच की छात्राओं द्वारा तैयार की गयी आकर्षक रंगोली ने मन मोह लिया। रंगोली बनाते समय बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने रंगोली में भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित कर रंगोली में चार चांद लगा दिये। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा पांच की छात्रा रश्मि विश्वास प्रथम,जोया द्वितीय एवं जानवी व मुसव्या तृतीय स्थान पर रही। विजयी छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाचार्या ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर विद्यालय की श्रीमती अनामिका ढाका, अर्चना छाबड़ा, परमजीत कौर, हरजीत कौर, अमरजीत कौर, शिखा रानी, अंजू तिवारी, हेमा यादव, रीतू कौर, नवदीप कौर, जगजीत कौर, स्मिता गुलाटी, सीमा मल्होत्रा, कु. दीप्ती एवं पूनम मौर्या आदि अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# भट्ट ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज के अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की है। सुख, समृद्धि और संपन्नता के प्रतीक दीपावली के पावन पर्व की



हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये कहा कि माँ लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश जी के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख समृद्धि, शांति एवं आरोग्य का संचार हो। श्री भट्ट ने कहा कि दीपावली का यह पर्व एक साधारण पर्व नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का पर्व है। इसमें हमें एक संपूर्ण राष्ट्र के गौरव तथा गौरवशाली अतीत के दर्शन होते हैं। प्रकाश का यह पर्व हम सब के जीवन में धन, वैभव, यश, एश्वर्य और सम्पन्नता लेकर आये इसकी भी श्री भट्ट ने कामना की है। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व मर्यादा, सत्य एवं सद्भावना का भी संदेश देता है। दीपों का यह त्योहार भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात वापस अयोध्या आने से भी जुड़ा है। दीपावली का पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दीपावली का यह पर्व हम सबके जीवन को प्रकाशमय करे इसकी भी उन्होंने कामना की है। इस दीपावली पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए स्थानीय उत्पादों के प्रचार एवं प्रसार को हम सभी अधिक से अधिक बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की पूर्ति में भी अपना योगदान दे सकते हैं।

# एकादशी व्रत लंबी आयु एवं सुख समृद्धि देने वाला

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास की कथा के 13वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने बताया कि कार्तिक मास में जो परम कल्याण मयी एकादशी होती है वह 'रमा' के नाम से विख्यात है। श्रीमद् भागवत गीता में भगवान श्री कृष्ण के



यह वचन अति महत्वपूर्ण है ज्ञान,दान,तपरूप,कर्म किसी भी स्थिति में त्यागने योग्य नहीं है। शास्त्रों में तप के अंतर्गत व्रत की महिमा बताई गई है, जैसे नदियों में गंगा, प्रकाशक तत्वों में सूर्य, देवताओं में भगवान विष्णु की प्रधानता है, वैसे ही व्रत में एकादशी व्रत की प्रधानता है, एकादशी व्रत लंबी आयु एवं सुख समृद्धि देने वाला होता है। कथा श्रवण करने हेतु काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रभात फेरी हरीश शर्मा एवं श्री मति कांति शर्मा के निवास स्थान चौहान कॉलोनी पर गई। प्रसाद की सेवा श्री श्याम मित्र मंडल परिवार द्वारा दी गई।

# अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने चैकिंग के दौरान संदिग्ध कार से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक अवैध लोहे की तलवार के साथ एक



अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा दीपावली पर्व के दृष्टिगत संदिग्धों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध एवं काशीपुर के निर्देशानुसार, क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष, थाना गदरपुर के नेतृत्व मे थाना गदरपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक नौ नवम्बर को रात्रि मे चैकिंग के दौरान वाहन कार संख्या डीएल 8सीएके 9621 डस्टर मालिक मोहित उर्फ गौरव चावला पुत्र राजकुमार निवासी जी-104 सामीया लेक सिटी काशीपुर रोड़ रुद्रपुर उधमसिंहनगर की तलाशी लेने पर उसकी पहनी पेन्ट की दाहिनी तरफ कमर से एक अवैध तमन्चा 315 बोर तथा गाड़ी की सीट से एक लोहे की तलवार बरामद होने पर अभियुक्त मोहित उर्फ गौरव चावला को इसके जुर्म धारा-3/4/25 आर्म्स एक्ट के तहत रात्रि 09.40 बजे पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक महेश चन्द्र, उपनिरीक्षक पूरण सिंह, तोमर कानिस्टेबल दर्शन सिह, कांस्टेबल, उमेश जोशी, कांस्टेबल संजीव कुमार शामिल रहे।

# हल्द्वानी व रूद्रपुर महाविद्यालय के बीच होगा क्रिकेट फाइनल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता सरस्वती शिशु को मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रुद्रपुर कॉलेज द्वारा एमेनिटी पब्लिक स्कूल में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में हल्द्वानी महाविद्यालय, डीएसबी परिसर नैनीताल और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर की टीमें भाग ले रही है।आयोजन अध्यक्ष प्रोफेसर संतोष त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम मुकाबला एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी और डीएसपी परिसर नैनीताल के मध्य हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ एमेनिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुभाष अरोरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। डीएसबी परिसर की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए हल्द्वानी महाविद्यालय की टीम ने निर्धारित 16 ओवर के मैच में 163 रन बनाए। जिसमें अंजलि ने 27 और आरती सैनी 27 रन बनाए। नैनीताल की ओर से भूमिका ने एक विकेट लिया। जवाब में



डीएसबी परिसर नैनीताल की टीम 15 ओवर में 35 रन बनाकर आउट हो गई। हल्द्वानी की ओर से आरती ने तीन और मीनाक्षी ने दो विकेट लिए। कुमाऊं विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ने बताया कि आज हल्द्वानी महाविद्यालय और रुद्रपुर महाविद्यालय के मध्य फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। मैच के अंपायर राजेंद्र कुमार, नवनीत राव, लोकेश पांडे थे। इस अवसर हल्द्वानी टीम मैनेजर डॉक्टर सुरेंद्र सिंह नेगी, डॉ राजेश कुमार, नीतीश कुमार, योगेश पांडे, गौरव जोशी, ललित सिंह बिष्ट सहित अनेको खेल प्रेमी उपस्थित थे।


Navrang
Restaurant
Navrang
Contact For
Bulk Order
& Diwali Gifts
Add:1 Navrang Sweets &Fast Food
Navrang Plaza. Near Janta Inter College,
Civil Lines, Rudrapur. Ph. : 05944-242450
Add:2 Navrang Vatika
Near Green Park, NH-74. Kashipur Road
Rudrapur (Udham Singh Nagar)
For Resercation / Enquiry Ph.: 7060042450, 9997019073
E-mail:
navrangrdr@gmail.com


समस्त प्रदेशवासियों
को दीपावली पर्व
की हार्दिक
शुभकामनायें
Happy
Diwali
सीए शिव अरोरा
विधायक, रुद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाऐं
Happy
Diwali
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री सांई कन्स्ट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली
की हार्दिक शुभकामनायें
सिद्धेश्वर श्री बालाजी मन्दिर
महंत श्री रमेश वशिष्ठ जी


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
HYUNDAI
BINDAL HYUNDAI
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director
Kichha By Pass Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand
Ph.: 05944-244155, Mob.: 9917262000, 9639300033


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई
Happy
Diwali
HP
Petrol Pump
BEHL SERVICE CENTERE
BEHL AUTOMOBILES Nainital Road, (Distt) U.S. Nagar,
Rudrapur, Uttarakhand


Happy
Diwali
धीरेन्द्र मिश्रा
जिला महामंत्री
भाजपा किसान मोर्चा, उधम सिंह नगर


समस्त क्षेत्रवासियों
को दीपों के पर्व
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनायें
सजल अग्रवाल
संजय अग्रवाल
डायरेक्टर
सावित्री देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता
ग्राम कीरतपुर, काशीपुर रोड, महानगर रुद्रपुर मो. 9837076834


श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) रुद्रपुर
सहयोगी संस्थाएं
अध्यक्ष
ओमप्रकाश अरोरा
महामंत्री


ओम बापू
मशीनरी स्टोर
विशाल गुम्बर


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
Happy
Diwali
सूरज प्रकाश गुप्ता
गुप्ता मेडिकल कार्नर
गुरुद्वारा रोड, गोल मार्केट, रुद्रपुर (ऊ.सिं.नगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपों के पर्व दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएँ
FANCY SWEET BOXES
FANCY BAKERY BOXES
FANCY DRY FRUIT BOXE
प्रो. संजय अरोरा
संजय बाक्स इण्डस्ट्रीज
देवी मंदिर गली, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं
देवेन्द्र शाही
प्रदेश उपाध्यक्ष
कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ
प्रशान्त शाही
युवा समाजसेवी
रुद्रपुर
निशांत शाही
जिला अध्यक्ष
युवा कांग्रेस, ऊ.सिं.नगर


समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं
Happy
Diwali
Taneja
Sanitary Ware
9837069910, 9927359159
Bhagat Singh Chowk Rudrapur (U.S.Nagar) U.K.

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## दिल्ली का प्रदूषण और पराली

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली की हवा सांस लेने लायक भी नहीं रह गई है और इसे लेकर सरकार से लेकर अदालतें तक चिंतित दिख रही हैं, तो यह स्वाभाविक है। मगर हकीकत यह है कि ऐसी स्थिति कोई पहली बार या अचानक नहीं पैदा हुई है। हर वर्ष इस दौरान ठंड की शुरुआत के साथ ही हवा में जहर घुलना शुरू हो जाता है और तब तक इस मसले पर उदासीनता बरती जाती है, जब तक लोगों का दम न घुटने लगे। दिल्ली में प्रदूषण पूरे वर्ष किसी न किसी रूप में लगातार कायम रहता है और वह चिंता के स्तर से ऊपर ही होता है, मगर इस मौसम में जब यह एक संकट के रूप में तब्दील हो जाता है और सार्वजनिक चर्चा का मुद्दा बन जाता है, तब सरकार भी फिक्र जताने लगती है। इस वर्ष भी दिल्ली सरकार की ओर से प्रदूषण की समस्या पर काबू पाने के लिए धुआंरोधी टावर लगाने से लेकर सड़क पर वाहनों की संख्या को नियंत्रित करने जैसी कई घोषणाएं की गई, लेकिन जमीन पर उसकी हकीकत किसी से छिपी नहीं है। कई जगहों पर धुआंरोधी टावर बेकार पड़े हैं तो वाहनों की आवाजाही पर लगाम लगाने की योजना का भी कुछ ठोस हासिल सामने नहीं आया। इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक बार फिर सख्ती दिखाई और दिल्ली सहित पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि सब कुछ भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। अदालत ने साफतौर पर कहा कि पराली जलाने पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए हमारे दखल के बाद ही इस मसले पर काम होता है। यानी जो काम सरकारों के नियमित दायित्व में शामिल होना चाहिए, उसके लिए अदालतें उन्हें याद दिलाती हैं। विडंबना यह कि इस समस्या से राहत के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदम आमतौर पर दिखावे के साबित होते हैं और लोगों की मुश्किल में तभी कुछ कमी देखी जाती है, जब किसी वजह से बारिश हो जाए है या फिर हवा चलने लगे। प्रदूषण के गहराते संकट का सामना करने के लिए कृत्रिम बारिश कराने की बात भी की जाती रही है, मगर सड़क पर वाहनों से पानी की बौछारों के जरिए धूल को काबू में करने की लगभग बेअसर कोशिश से ज्यादा कुछ नहीं हो पाता। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को काबू में करने के लिए सड़कों पर वाहनों की संख्या नियंत्रित करने के मकसद से सम-विषम व्यवस्था लागू करने की भी घोषणा की थी। मगर सुप्रीम कोर्ट ने इसकी उपयोगिता पर सवाल उठाए हैं। फिलहाल दिल्ली सरकार ने सम-विषम पर अमल को टाल दिया है। हालांकि गुरुवार को बारिश और हवा की वजह से दिल्ली में प्रदूषण में कमी आई, लेकिन कहना मुश्किल है कि यह स्थिति कितने दिन कायम रहेगी। सवाल है कि संकट के बेकाबू हो जाने पर तात्कालिक उपायों के जरिए राहत पाने की कोशिशों से क्या हासिल होने वाला है। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने पर तीखे सवाल उठाए हैं। जिन इलाकों में पराली जलाने के ज्यादा मामले पाए जाते हैं, उनमें पराली प्रबंधन को लेकर कोई वैकल्पिक नीति क्यों नहीं बनाई जा सकती? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि दिल्ली का प्रदूषण अब ऐसी शक्ल लेने लगा है, जिसमें कभी भी आपात अवस्था जैसे हालात पैदा हो सकते हैं।

# ‘कौन बनेगा गुरु का प्यारा’ एवं दस्तार प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के बंदी छोड़ गुरुपर्व के दौरान गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा तथा मीरी पीरी नौजवान क्लब नवाबगंज जिला रामपुर उत्तराखंड द्वारा ष्कौन बनेगा गुरु का प्यारा प्रतियोगिता का आयोजन करके बच्चों की विभिन्न श्रेणियां में प्रतियोगिता में शामिल प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे बच्चों को प्रमाण पत्र शील्ड एवं नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। स्क्रीन के माध्यम से पूछे गए सवालों के अंतर्गत कौन बनेगा गुरु का प्यारा, सवाल जवाब प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग 8 से 15 वर्ष मैं प्रथम हरमन प्रीत सिंह, द्वितीय अंशप्रीत कौर, तृतीय राजवीर कौर, सीनियर वर्ग उम्र 15 से 30 में प्रथम हरविंदर सिंह,द्वितीय विक्रमजीत सिंह, तृतीय शरण दीप सिंह रहे। दस्तार प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम गुरकीरत सिंह ,द्वितीय तजेंद्र सिंह, तृतीय गुरजीत सिंह, सीनियर वर्ग में प्रथम चमकौर सिंह ,द्वितीय लवजीत



सिंह ,तृतीय विक्रमजीत सिंह तथा दुमाला प्रतियोगिता में प्रथम गुरप्रीत कौर एवं द्वितीय अमनदीप कौर रहे। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज (रामपुर) उत्तराखंड के मुख्य सेवादार बाबा अनूप सिंह द्वारा सभी विजयी प्रतिभागियों को नगद धनराशि शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बाबा अनूप सिंह ने कहा,सिख धर्म के प्रचार प्रसार के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाने से बच्चों का धर्म के प्रति लग्न एवं उत्साह बढ़ता है उन्होंने समय-समय पर धर्म से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित करके बच्चों का उत्साह वर्धन करने का ऐलान किया जिसका संगत द्वारा बोले सो निहाल,सत श्री अकाल जयकारा बुलाकर समर्थन किया। इस दौरान विभिन्न संगठनों से जुड़े सेवादारों ,मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा नवाबगंज के स्टाफ एवं स्कूलों से आए बच्चों के शिक्षकों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया इस दौरान उत्तर प्रदेश सिख मिशन हापुड़ के प्रचारक भाई सतनाम सिंह शौकी,दलविंदर सिंह उत्तराखंड सिख मिशन काशीपुर के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ,नरेंद्र सिंह, रागी गुरजीत सिंह , रागी हरजीत सिंह, रागी गुरदीप सिंह, रागी बलविंदर सिंह, नरेंद्र सिंह ,राम सिंह ,त्रिलोक सिंह, जसवीर सिंह, देवेंद्र सिंघ ,जगदीश कौर, मीरी पीरी खालसा अकैडमी की प्रधानाचार्य मनदीप कौर,सुखवंत सिंह , सत्येंद्र पाल सिंह,अमरजीत कौर, बलविंदर कौर, सतनाम कौर, मिलनदीप कौर, बलजिंदर कौर, हरजीत कौर, निमरत कौर ,बलविंदर कौर, बलजीत कौर सहित विभिन्न स्कूलों से आए बच्चे एवं उनके शिक्षक गण एवं अभिभावक गण शामिल रहे ।

## तीन दिन तक सजाए जाएंगे दीवान

गदरपुर। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज के प्रमुख सेवादार बाबा अनूप सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में 11 नवंबर से 13 नवंबर तक बंदी छोड़ दिवस दीपावली समागम मनाया जा रहा है जिसमें भाई धर्मवीर सिंह घरांगने वाले एवं उनके सहयोगी,ढाढ़ी जत्था भाई लखबीर सिंह कोमल अमृतसर, कविशर लखबीर सिंह मस्त अमृतसर, कविशर सतनाम सिंह शौकी सिख मिशन हापुड़ ,कवि करमजीत सिंह नूर जालंधर, कवि बलबीर सिंह कमल होशियारपुर, कवि कुलवंत सिंह रफीक शाहाबाद, कवित्री सरबजीत कौर अलखदेवा, उत्तराखंड प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि 11, 12 और 13 नवंबर दिन शनिवार रविवार और सोमवार को प्रात: 10 बजे से सायं काल 3 बजे तक भारी दीवान सजाए जाएंगे वहीं 11 नवंबर को कवि दरबार का आयोजन रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा उन्होंने बताया अमृत संचार 13 नवंबर दिन सोमवार प्रात 10 बजे होगा तीनों दिन गुरु का लंगर अटूट बांटा जाएगा । उन्होंने बताया कि दूर दराज से आने वाले सैकड़ो दुकानदारों द्वारा मेले के रूप में अपनी दुकानें सजाई जाती हैं वहीं सरोवर में स्नान करके लोगों सर्व समानता को दर्शाया जाता है । उन्होंने सभी संगत से समय अनुसार कार्यक्रम में पहुंचकर सहभागिता करते हुए लाभ उठाने की अपील की ।

## राज्यपाल से मिले लद्दाख के छात्र

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में ‘‘राष्ट्रीय एकता यात्रा’’ पर आए लद्दाख क्षेत्र की हनु आर्यन घाटी के छात्र-छात्राओं ने भेंट की। भारतीय सेना के ‘‘ऑपरेशन सद्भावना’’ के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा में लद्दाख क्षेत्र की हनु आर्यन घाटी के 2 शिक्षकों के साथ 25 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। यह छात्र-छात्राएं लद्दाख क्षेत्र से बाहर निकल कर देश के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में अब तक कई राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करने के बाद यह छात्र-छात्राएं उत्तराखंड पहुंचे थे, इनके भ्रमण का उद्देश्य पूरे देश में विभिन्न संस्कृति, परंपराओं, विकास, तकनीकी और आर्थिक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करना है। लद्दाख की खूबसूरत आर्यन घाटी के ये छात्र-छात्राएं अपनी पारंपरिक पोशाक में आए। इन छात्रों से राज्यपाल प्रभावित हुए और उनकी वेशभूषा की तारीफ की। राज्यपाल ने यात्रा की स्मृति के रूप में 191 फील्ड रेजिमेंट की संचालन टीम के लीडर मेजर अभिषेक यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद गदरपुर (ऊधमसिंहनगर)

पत्रॉक 483 / दीपावली 2023

दिनांक 08 नवम्बर, 2023

**दीपावली के शुभ अवसर पर नगर पालिका बोर्ड गदरपुर की ओर से हार्दिक शुभकामनाऐं तथा नगर की सम्मानित जनता से निम्न अपेक्षा करती है-**

1- नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
2- पालिका करों एंव देयको के अलावा यूजर चार्ज का समय से भुगतान करें
3- गीला एंव सूखा कूड़ा घर से ही अलग-अलग दें।
4- पालिका सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गों एंव नालियों पर अतिक्रमण न करें।
5- प्रतिबन्धित पॉलीथीन एवं थर्माकोल से बने उत्पादों का प्रयोग / विक्रय / भण्डारण न करें।
6- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में सफलता हेतु नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करे ।
7- सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकना एंव थूकना प्रतिबन्धित / दण्डनीय है।
8- डेंगू एंव मलेरिया से बचाव हेतु घर अथवा अपने आस पास पानी को जमा न होने दें।
9- स्वच्छता कर्मिकों के साथ सहयोग करते हुए सुन्दर गदरपुर-स्वच्छ गदरपुर की परिकल्पना साकार करें।

**(श्री संजीव मेहरोत्रा)**
अधिशासी अधिकारी

**(श्री गुलाम गौस)**
अध्यक्ष

एवं

श्री जुनैद सभासद वार्ड नं. 1, श्रीमती मंजू सभासद वार्ड नं. 2, श्री ऋषभ काम्बोज सभासद वार्ड नं. 3, श्री अमरजीत सिंह सभासद वार्ड नं. 4, श्री परमजीत सिंह सभासद वार्ड नं. 05, श्री मनोज गुम्बर सभासद वार्ड नं. 6, श्री रोहित कुमार सभासद वार्ड नं. 7, श्री सतीश कुमार सभासद वार्ड नं. 8, श्रीमती मीनाक्षी समासद वार्ड नं. 9, श्रीमती लीना संजीव झाम सभासद वार्ड नं. 10, श्रीमती विनीता फोगाट सभासद वार्ड नं. 11, श्री सुरेश खुराना, संदीप बत्रा नामित समासद एवं समस्त पालिका परिवार।

# नदियों को साफ रखने के लिए किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत सरकार के नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत देहरादून से आई एक टीम व तराई केंद्रीय वन प्रभाग रूद्रपुर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन संजय वन में किया गया जिसमें कई सामाजिक संस्थाओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा नदियों के संवर्धन व नदियों को साफ रखने के बारे में बताया। उनके द्वारा किए नुक्कड़ नाटक में संस्था की अध्यक्षा श्रीमती डॉक्टर उषा नरेन्द्र जैन के सानिध्य में संस्था की सदस्यो राधा,ममता,कविता, अनिता, सीता,सुमन,पूजा, रीतू,रूपा, स्वेता,अनिता, नीरमति, दुर्गा, आदि ने लोगो को समझाया कि किस तरह से हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए और किस तरह से हम अपनी नदियों व तराई के क्षेत्र को स्वच्छ रख सकते है और किस तरह से प्लास्टिक हमारे लिए खतरनाक है।वन विभाग की टीम में एसडीओ शशि देवी, वन क्षेत्राधिकारी बी एस केढ़ा जी, वन दरोगा आशुतोष जी, राजू दास जी ,आनंदपाल जी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन में बी एस कैड़ा और आशुतोष का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महिला एवं सामाजिक जागरूकता की तरफ से सरोज,स्वर्ण कौर ,रूपा, विमल दानू, आशा बिष्ट,सीता देवी,सुमन तिवारी,अनीता देवी,निरुमति,संजू तिवारी,राजेश्वरी, पुष्पा नेगी,ममता नेगी,हेमा बर्मा, विमलादेवी, नेहा, दुर्गावती,सुधा देवी,सुशीलादेवी, सुशीला,नन्ही,मीनू देवी,गीता देवी, पूर्णिमा पाटिल,पारुल, कविता रावत,राधा सुभाष ,प्रियंका,रीता देवी, रेखा वास्तव, प्रतिमा, शिप्रा अधिकारी,लक्ष्मी, कुन्ती पूजा, गीता, संध्या,लक्ष्मी,पूर्णिमा पाटिल, आईसा,आदि उपस्थि रहे।



# नीतीश कुमार का बयान माफी के लायक नही: मिगलानी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा किच्छा मंडल के प्रभारी ललित मिगलानी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश



कुमार के महिलाओं को लेकर अमर्यादित भाषण पर सख्त ऐतराज जताते हुए कहा कि यह बयान माफी के लायक नहीं है। यह महिलाओं का खुला अपमान है। इसके लिए नीतीश कुमार को माफी नहीं बल्कि अपना इस्तीफा देकर प्रायश्चित करना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में भाजपा नेता मिगलानी ने कहा कि देश में किसी का अपमान करना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। अगर हर व्यक्ति गुनाह करके माफी मांग ले, तो देश की कानून व्यवस्था चरमरा जाएगी। नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री जैसे ओहदे पर रहते हुए इस तरह का बेहुदा बयान देकर न सिर्फ महिलाओं का अपमान किया है बल्कि मुख्यमंत्री पद की गरिमा को भी चोट पहुंचायी है। देश के इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने इस तरह का घटिया भाषण दिया है। श्री मिगलानी ने कहा कि नीतीश कुमार में जरा भी नैतिकता होती तो सीएम पद से त्यागपत्र दे देते। लेकिन हैरानी इस बात पर है कि बेटी हूं लड़ सकती हूं का नारा देने वाली कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने इस कृत्य की निंदा तो दूर अपनी प्रतिक्रिया तक नहीं दी। श्री मिगलानी ने कहा कि मुख्यमंत्री जैसे शीर्षस्थ पद पर बैठा कोई व्यक्ति इतना अमर्यादित भाषण कैसे दे सकता है। उनकी भाषा शैली इस कदर गंदी है कोई व्यक्ति परिवार के सामने नहीं सुन सकता। भाजपा नेता ने कहा कि एक तरफ सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर काम कर रही है, दूसरी तरफ मुख्यमंत्री नीतीश बेटियों को अशिक्षित रखने की बात करके वंश वेल बढ़ाने की बात कर रहे हैं। उनका यह भाषण जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम पर भी कुठाराघात है। मिगलानी ने कहा कि मुख्यमंत्री के गंदे इशारों का यदि अर्थ निकाला जाए तो वो बेटियों को उपभोग की वस्तु मान रहे हैं, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। यह महिलाओं के सम्मान से जुड़ा मामला है, नीतीश कुमार के बयान ने महिलाओं को शर्मसार करने के साथ ही भारतीय संस्कृति और लोकतंत्र का भी खुला अपमान किया है। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने इस संबंध में चुप्पी साध रखी है इससे यही साबित होता है कि वो लोग नीतीश के इस भाषण पर मूक सहमति दे रहे हैं। श्री मिगलानी ने कहा कि नीतीश कुमार के इस बयान के बाद लोगों को समझ में आ गया है कि इंडिया गठबंधन कितनी घटिया मानसिकता वाले लोगों का गठजोड़ है। इस गठबंधन से महिलाओं और देश की भलाई की कल्पना भी नहीं जा सकती। देश में महिलाएं भाजपा राज में ही सुरक्षित हैं।

# परिश्रम ही है मां लक्ष्मी की वास्तविक पूजा

कार्तिक अमावस्या के दिन सुख समृद्धि का पर्व दीपावली मनाया जाता है। इसकी तैयारी एक पखवाड़े पूर्व से शुरू हो जाती है। दीपावली पूरे पांच दिन चलती है जो धनतेरस से प्रारंभ होती है और भाई दूज के साथ समाप्त होती है। यह हिन्दुओं का मुख्य त्यौहार है इसको अब सभी धर्म के लोग मनाने लगे है। इसलिये इसको राष्ट्रीय पर्व की भी संज्ञा दी जाती है। दीवाली के पूर्व घर की साफ सफाई, रंग रोगन कर उसे झकाझक कर आकर्षक रूप दिया जाता है। नये कपड़े, पटाखे, मिठाईयां, लाई, बताशे की खरीदारी कर लक्ष्मी पूजा की तैयारी की जाती है। फिर दीवाली के दिन शाम होते ही चारो तरफ दीप की रौशनी अमावस्या की काली रात्रि को चीरती हुई जगमगा देती है। दीवाली पर्व का संबंध कई पौराणिक गाथाओं से भी जुड़ा हुआ है। लंकापति रावण को मारकर राम चौदह वर्षों के वनवास के बाद जब अयोध्या पहुंचते है तब अयोध्या वासियो ने उनका दीप जलाकर स्वागत किया था ! इसी दिन राजा बलि ने जब लक्ष्मीजी को बंदी बना लिया था तो, भगवान विष्णु ने वामन का रूप धारण कर उन्हें छुड़वाया था ! दीपावली के दिन नरकासुर भी मारा गया था! इसी दिन भारत के तीन महान विभूतियों महावीर स्वामी, स्वामी दयानंद सरस्वती और स्वामी रामतीर्थ ने अपने शरीर का त्याग किया। इन तीनों महानुभाव ने मनुष्यों को ज्ञान का प्रकाश दिया ! स्वामी रामतीर्थ का जन्म भी इसी दिन हुआ था ! स्वतंत्रता की अलाव जगाने वाली महारानी लक्ष्मी बाई ने अंग्रेजों से लड़ते-लड़ते दीपावली के दिन ही अपने प्राणों की आहूति दे दी थी ! वहीं दीपावली कार्तिक अमावस्या के दिन आदि शंकराचार्य के निर्जीव शरीर पर पुनः प्राणों का संचार होने के कारण हिन्दुओं ने इस खुशी में दीपोत्सव मनाकर अपनी भावनाओं का प्रदर्शन किया ! भूदान आंदोलन के महान संत विनोवा भावे का निधन भी दीपावली के दिन हुआ था। भारत के ऐतिहासिक, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों में अनेकता में एकता के लिये दीपावली पर्व का बड़ा महत्त्व है। दीपावली सुख समृद्धि, रिद्धि- सिद्धि- बुद्धि का प्रतीक समझा जाता है। इसके दूसरे दिन अन्नकूट (गोवर्धन पूजा) का पर्व मनाया जाता है। लक्ष्मी को वैभव और धन की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। लक्ष्यति इति लक्ष्मी अर्थात लक्ष्मी वह है, जो स्वयं को लक्षित करती है। ष्लक्ष्मी सम्पत्ति -शौभ्यो लक्ष्मी शोभा, संपत्ति प्रदायिनी है। लक्ष्मी वह शक्ति है जो हमारी समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। ये परिश्रमी व कर्मठ व्यक्ति को ही प्राप्त होती है आलसी को नहीं ! जो एकाग्रचित हो अपने कर्म में लगा रहता है, लक्ष्मी उसी पर प्रसन्न रहती है। आलसी लोगों को लक्ष्मी वरदान नहीं शाप देती है, चाहे वह लक्ष्मी की नित्य प्रार्थना ही क्यों न करते हों ! उनकी वास्तविक प्रार्थना तो परिश्रम ही है। वे इसी की भेंट मांगती है। मानस मर्मज्ञ तुलसीदास ने कहा है कि कामधेनु और कल्पतरुण चित्र टांगने से ही कठिनाई दूर नहीं हो जाती ! चाणक्य ने भी कहा हैकि धन से ही धन की उत्पत्ति होती है। लक्ष्मी मिथ्यावादी, कृतघ्न, दुशील, अविश्वासी, चिन्ताशील, भयग्रस्त, पापी, ऋणी आदि के घर निवास नहीं करती ! विष्णु स्मृति में लक्ष्मी स्वयं कहती है कि. मेरा निवास धर्म में परायण, साधु प्रकृति वाले मनुष्य, आचार के सेवी में, नित्यशास्त्र में विनीत वेश में, अच्छे वेश में, उमनशील में, मलरहित में, मिष्ट भोजन में, अतिथियों के भोजन में, अतिथियों की पूजा करने वालों में, अपनी स्त्री में संतुष्ट रहने वालों, धर्म में रत रहने वालों में, अत्यधिक भोजन न करने वालों में, सत्य में स्थिर रहने वालों में, प्राणियों का भला चाहने वालों में, क्षमाशील में, क्रोध रहित में, अपने कार्य में कुशल व्यक्ति में, सर्वथा नम्रभावी में, पवित्रता और मृदु वचन कहने वाली नारियों में, स्वच्छ घर रखने वालों में, जितेन्द्रिय, कलरव रहित, अलोलुप, दयालु और धार्मिक लोगों के यहां ही मैं निवास कर सकती हूँ। वेद अभ्यासी ब्राम्हणों, धर्मप्रिय क्षत्रियों, कृषि से मन लगाने वाले वैश्यों और सेवारत शूद्रों में लक्ष्मी रहती है। जिस तरह लक्ष्मी सदैव विष्णु के पास निवास करती है उसी तरह उसका अपेक्षित साधक भी वैसा ही सौभाग्य प्राप्त कर सकता है। दीपावली का धार्मिक महत्त्व ही लक्ष्मी पूजा से जुड़ा हुआ है। रात्रि के प्रथम पहर में, घर के पूजा गृह में बेदी बनाकर या चौकी अथवा पाटे पर अक्षतादि से अष्ट दल बनायें और उस पर लक्ष्मीजी की स्थापना करें। साथ में गौरी गणेश, इन्द्र और कुबेर की स्थापना कर यथा विधि से पूजा करें। अंत में इस मंत्र का जाप कर लक्ष्मी का आव्हान करें । 'नमस्ते सर्व देवानां वरदासि या गतिस्त्वत् प्रन्नानां सा हरिप्रिया मेभूयात्वदर्चनात् " पश्चात इंद्र तथा कुबेर एवं श्री गणेश की भी विधि पूर्वक प्रार्थना करें। दीपावली जीवन में सौंदर्य पक्ष का उत्थान भी करती है। घरों की सजावट से हम इस भावना को प्रगट करते हैं। इस अवसर पर खरीदारी करने से संपत्तियों का राष्ट्र में वितरण होता है। यह लक्ष्मी की वास्तविक पूजा है जो राष्ट्र को समृद्ध बनाने में पूर्णतः सहायक होती है। दीपावली और राष्ट्र की श्समृद्धि की देवी को शतशः प्रणाम, सहित आप सभी को शुभ दीपावली के बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाइयां।

– **सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# राज्यपाल ने कई प्रतिभाओं को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, गढ़ी कैंट में आयोजित ओहो रेडियो के "उमँगोत्सव-2023" कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य को विशिष्ट पहचान दिलाने वाली कई प्रतिभाओं को ओहो रेडियो के 'मैं उत्तराखण्ड हूँ' सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई।राज्यपाल ने सम्मानित होने वाले लोगों को बधाई दी और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन लोगों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर के राज्य का मान बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि ओहो रेडियो द्वारा अपनी स्थापना के 04 वर्षों में राज्य की कला-संस्कृति, संगीत, खानपान आदि को बढ़ाने और प्रचार-प्रसार करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यक्रमों के माध्यम से नई प्रतिभाओं की खोज करने के साथ-साथ प्रतिभाओं को सभी के सम्मुख लाने का यह कार्यक्रम सराहनीय पहल है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश और दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले लोगों को एक मंच प्रदान किया है।राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड ने अपनी स्थापना के 23 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। यह राज्य अलौकिक, दिव्य होने के साथ-साथ वेलनेस, योग, आयुर्वेद, मर्म जैसे माध्यम से पूरे विश्व को ऊर्जा देने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि हमें देश का अग्रणी राज्य बनने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, इंवेस्टमेंट और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विशेष प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज विश्व का हर क्षण बदल रहा है, हर एक क्षण में एक नया आविष्कार हो रहा है, यह सदी टेक्नोलॉजी की सदी है। समय के साथ बदलती इन परिस्थितियों में हमें स्वयं को ढ़ाल कर इसका हिस्सा बनना चाहिए। मैं उत्तराखण्ड हूँ अवॉर्ड से लवराज धर्मशक्तू एवं उनकी धर्मपत्नी रीना धर्मशक्तू, अध्यापक आशीष डंगवाल, एरीज मुक्तेश्वर के कम्प्यूटर इंजीनियर मोहित जोशी एवं नेशनल अवार्ड विनर "एक था गाँव" की डायरेक्टर सृष्टि लखेड़ा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी ने भी ओहो रेडियो के 04 वर्ष पूर्ण होने पर पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में ओहो रेडियो के सीईओ आरजे काव्य, सीओओ मोनिका सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**हादसे में दो युवकों ...**अनुसार गदरपुर में बाईपास मार्ग पर सरदार नगर के पास निर्माण कार्य चल रहा है जिसके चलते ट्रैफिक वन वे किया गया है। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह हाईवे पर कंटेनर और कार संख्या यूपी 27एजे 4523 की भिड़ंत हो गयी। इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक संख्या यूपी26ए पी 1215 भी कार से भिड़ गयी। हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला। हादसे के शिकार तीनों लोगों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दो लोगों को मृत घोषित किया गया है। मृतकों में एक का नाम शिव कुमार और दूसरे का नाम नरेश बताया जा रहा है। बताया जाता है कि घायल विक्की की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे हल्द्वानी रैफर किया गया है। कार सवार तीनों लोग पीलीभीत के बताये जा रहे हैं। जबकि बाइक सवार घायलों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है बाइक सवार दो घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया है।

**उत्तराखंड की बेटियों ने ...**लेने के पश्चात स्वदेश लौटने पर चुघ परिवार के साथ कॉलेज स्टॉफ ने सभी पदक विजेता खिलाड़ी छात्राओं का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस पहुंचने पर बुकेट देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें मिष्ठान खिलाया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज की खिलाड़ी छात्राओं ने कुल 22 स्वर्ण पदक तथा 13 रजत पदक प्राप्त किए। वैंटेज हॉल शिक्षिका समन्वयक श्रीमती रितु शुक्ला ने बताया कि वर्ल्ड स्कॉलर कप दुनिया भर के सभी छात्रों के लिए एक बड़ा अवसर है। वैंटेज हॉल की 6 छात्राओं ने उनके साथ विश्व स्कॉलर कप के फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया था। जो येल विश्वविद्यालय, न्यू हेवन, यूएसए में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में वाद-विवाद, लेखन और प्रश्नोत्तरी शामिल थी। मसूरी में आयोजित क्षेत्रीय राउंड और दोहा, कतर में आयोजित ग्लोबल राउंड में क्वालीफाई करने के बाद छात्राओं ने आखिरकार येल में चैंपियंस टूर्नामेंट में जगह बनाई। प्रतियोगिता में इस बार कुल 2700 विद्वान और 40 देशों ने भाग लिया था। यहां भी सभी लड़कियों ने बेहतरीन काम किया। कुल मिलाकर कालेज की खिलाड़ी छात्राओं को 22 स्वर्ण पदक और 13 रजत पदक मिले। जिसमें नव्या चुघ को 4 स्वर्ण 4 रजत, हिरल जसुजा को 4 स्वर्ण 3 रजत, हरमन बत्रा को 5 स्वर्ण 3 रजत, मान्या भाटिया को 6 स्वर्ण 2 रजत, अरात्रिका घोष को 2 स्वर्ण 3 रजत तथा श्रेया सिकदर को 1 स्वर्ण 1 रजत प्राप्त हुआ। दिल्ली इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पदक विजेता छात्राओं के पहुंचते ही भारत माता की जय व वंदे मातरम के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान हो गया। पदक विजेता खिलाड़ी छात्राओं में तीन उत्तराखंड तथा तीन हरियाणा, पश्चिम बंगाल व अंडमान निकोबार की निवासी हैं। स्वागत करने वालों में उत्तराखंड के भारत भूषण चुघ, कनिका चुघ, नमन चुघ, नयन चुघ, पश्चिम बंगाल के अचिंत घोष, रचना घोष, फरीदाबाद हरियाणा के विजय जसूजा रेनू जसूजा, गौरव भाटिया, वंदिता भाटिया, मीनू बत्रा, ह्दयेश बत्रा आदि शामिल थे।

**ब्रह्मकुमारी आश्रम में...**ब्रह्माकुमारी की दीक्षा ली थी। दीक्षा के बाद उनके परिवार ने जगनेर में ब्रह्माकुमारी केंद्र बनवा दिया था, जिसमें दोनों रह रही थीं। मृतक बहनों में से 32 वर्षीय शिखा ने एक पेज का सुसाइड नोट लिखा है, जबकि 38 वर्षीय एकता ने दो पेज का सुसाइड नोट लिखा है। शिखा ने सुसाइड में दोनों बहनों के पिछले एक साल से परेशान होने का जिक्र किया है। सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी मौत का जिम्मेदार आश्रम के नीरज सिंघल, धौलपुर के ताराचंद, नीरज के पिता और ग्वालियर के आश्रम में रहने वाली एक महिला को ठहराया है। सुसाइड नोट में एकता ने लिखा है कि नीरज ने केंद्र में रहने का आश्वासन दिया था। एक साल तक हम बहनें रोती रहीं, लेकिन उसने नहीं सुनी। उसका साथ उसके पिता के अलावा ग्वालियर आश्रम में रहने वाली एक महिला और ताराचंद नाम के शख्स ने भी दिया। 15 साल तक साथ रहने के बाद भी वह ग्वालियर की महिला के साथ संबंध बनाता रहा। चारों ने हमारे साथ गद्दारी की है। दोनों बहनों ने सुसाइड नोट में लिखा, हमारे पिता ने प्लॉट के लिए 7 लाख रुपए आश्रम से जुड़े व्यक्तियों को दिए थे। 18 लाख रुपए गरीब मताओं से लिए गए थे, जिन्हें आरोपियों ने हड़प लिया। वे लोग पैसे हड़पने के साथ-साथ महिलाओं के साथ अनैतिक काम करते हैं और दबंगई दिखाते हुए कहते हैं कि उनका कोई कुछ नहीं कर सकता। सुसाइड नोट दोनों बहनों ने कहा कि आरोपियों ने बहुतों के साथ गलत किया है। किसी से पैसे लिए और उसी पर केस कर दिया। सुसाइड नोट में आगे लिखा है कई बहनें सुसाइड कर लेती हैं और यह लोग छिपा लेते हैं। हम दोनों बहनों के साथ गद्दारी हुई है। पापी नीरज सिंघल माउंट आबू में मॉडर्न कंपनी में नौकरी करता है। ग्वालियर मोती झील वाली पूनम, इसके पिता ताराचंद और उसकी बहन का ससुर गुड्डन जो जयपुर में रहता है। हमारे साथ 15 साल से रह रहा था और झूठ बोलता रहा। हमने कोई गलती नहीं की। सेंटर बनवाने में सारा पैसा हमारा लगा है। हमसे हमेशा कहा गया कि चिंता मत करो, मैं सब संभाल लूंगा। खुदकुशी से पहले लिखे गए लेटर में कहा गया है,हमारे साथ कोई नहीं है हम अकेले पड़ गए हैं। इसलिए यह कदम उठाना पड़ रहा है। इन चारों हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। सब-सबूत आश्रम में रखे हैं।

**देह व्यापार में विदेशी...**सेल प्रभारी उ.नि. दीपा भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ईको टाउन फेस 3 डहरिया में रात्रि में दबिश दी गई। जहां टीम ने 4 महिला पीड़ित जिसमें एक महिला (नेपाली) व शेष 3 महिलाएं को बरामद किया। साथ ही एक महिला पुरुष ग्राहक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिली। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी मिली। पूछताछ के दौरान गाय हुआ कि ईको टाउन फेस 3 डहरिया में एक घर जिसे एक महिला द्वारा 8,000 रुपए प्रति माह के हिसाब से किराये में लिया गया था। जिसमें उसके द्वारा वैश्यालय चलाया जा रहा था। वैश्यालय चलने वाली महिला व गौरव कुमार को अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। हिरासत में ली गई महिला पीड़ितों को रेस्क्यू कर काउंसलिंग कराने के पश्चात उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। मकान मालिक द्वारा किराएदार का सत्यापन न किराए जाने पर 83 पुलिस एक्ट के अंतर्गत उसका 5000 रुपए का नगद चालान किया गया। इस मामले में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु जिलाधिकारी के समक्ष रिर्पोट प्रेषित की गयी है। महिला सरगना के साथ पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पता गौरव कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी ग्राम ताजपुर पोस्ट किरमचा मिलक रामपुर हाल निवासी कत्या फैक्ट्री रामपुर रोड हल्द्वानी बताया। पुलिस टीम में उ.नि. श्रीमती दीपा जोशी प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल, कानि. मोहन किरौला व महेन्द्र भोज शामिल थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

SWASTIK JEWELLERS

Diamond, Gold & Silver Jewellery

Paanch Mandir Road, Main Market Rudrapur MOB:- 9917323000, 9917424000



पिछले 31 वर्षों से अधिकतम छूट के साथ आपकी सेवा में तत्पर

गोल्डन एजेन्सी

ब्रांडेड कम्पनियों की क्राकरी एवं होम एप्लायंस सामान की विश्वसनीय दुकान

गगन ज्योति,आवास-विकास वाली रोड,रुद्रपुर (ऊ.सिं.नगर)



किशोर अरोरा




इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान, जहाँ विश्वास है विश्वास का साथ।

हर ख्वाब को साकार करें, गुरु माँ के साथ

23% कैश बैक

अब LED TV मात्र ₹990 की मासिक किस्त में घर लायें

50% तक की छूट

1 आप फायनांस कराएं किस्त हम देंगे

0 ब्याजमुक्त फाइनेंस पर

मनपसंद उत्पाद घर ले जाएं शेष राशि आसान ब्याज मुक्त मासिक किस्तों पर सुरक्षा

BAJAJ FINSERV | HDB FINANCIAL SERVICES | HDFC BANK | SAMSUNG Finance+

गुरू मां उत्पादों पर अतिरिक्त वारंटी @290/- से

आज का आज ! सबसे तेज डिलीवरी एवं इंस्टॉलेशन

पुराना लाएं नया ले जाएं पुराने की अच्छी कीमत पर

— सभी प्रतिष्ठित ब्रांड एक ही छत के नीचे उपलब्ध —

SAMSUNG | Whirlpool | SONY | IFB | VOLTAS | BOSCH | Haier | DAIKIN | MITSUBISHI ELECTRIC | AMSTRAD | SANSUI | PHILIPS | dyson | FABER | BLUE STAR | USHA | TOMASHI | Symphony | EUREKA FORBES | KENT | DELL | hp | JBL

जैसे आपकी ख्वाहिशें, वैसी हमारी सेवाएं, सपनों को साकार करें

गुरू मां Guru Maa Electronics

रुद्रपुर : काशीपुर बाईपास (9690282777, 9756233166)
सिविल लाईन्स (9927882338), सोनी सेन्टर (9917170230)

Rudrapur | Haldwani | Haridwar | Kashipur | Moradabad | Gadarpur | Kichha | Lohaghat | Dehradun | Panipat | Karnal